संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में देश... पृष्ठ 2 | किसानों के हित में कांग्रेस का आज... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 17 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 65, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद का करेंगे खात्मा - अमित शाह

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री सायकेंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन आज अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि एक लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपने परिजनों को खोया है, इस दर्द को कम नहीं किया जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ है। शहीदों के त्याग और बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुण्य स्मृतियों को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसे किसी और को खोना न पड़े। मैं नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्णत: समाप्त कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस के जवान मजबूती के साथ नक्सल मोर्चे पर काम कर रहे हैं। पिछले एक साल की सटीक रणनीति से नक्सलवाद का दायरा सिमटा है और ढेर सारे विकास के कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन और सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन के लिये सरकार तीनों मोर्चों पर काम कर रही है। माओवादी उग्रवाद का रास्ता छोड़कर आत्म समर्पण करने वालों का स्वागत किया जा रहा है। नक्सल अभियान के दौरान उन्हें गिरफ्तार भी

किया जा रहा है और जो दूसरे की जान लेने पर आमादा हैं, उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहीदों के परिजनों की समस्या सुनने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में सप्ताह में एक दिन नियत किया गया है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आईजी कार्यालय में कलेक्टर भी मौजूद रहें और इस मुहिम का हिस्सा बने। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि अपनों को खोने का दर्द कोई कम नहीं कर सकता किंतु हम कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिससे आपकी पीड़ा को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आपके परिजनों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार साथ मिलकर आपके हितों का ध्यान रखेगी। आप सभी के लिए जो बेहतर होगा वह कार्य करने के लिए हम सभी दृढ़संकल्पित हैं। उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और शहीदों को नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हर बार जब हमारे जवानों को नक्सल मोर्चे पर सफलता मिली है केंद्रीय गृह मंत्री जी ने उनकी हिम्मत बढ़ाई है और उनकी पीठ हमेशा थपथपाई है। आज भी वे आपकी हौसला अफ्जाई के लिए आये हैं और आपके साहस और संकल्प के लिए आपके अभिनंदन के लिए आये हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शहीद जवानों की स्मृतियों को सहेजने के लिए उनके गांवों में प्रतिमा की स्थापना करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर में शांति व उन्नति के लिए शहीद हुए जवानों और नक्सली हिंसा में पीड़ित परिवार के परिजनों से हम लोग मिलना चाह रहे थे। आप सभी हमारे परिवार का हिस्सा हैं और अपनों को खोने का यह दु:ख हम सभी को समान पीड़ा दे रहा है। इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजन और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजन उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड,

धीरज तिवारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में इन तीनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके साथ ही 19 जिलों में शीतलहर के हालात हैं। 2 दिनों बाद प्रदेश के दक्षिणी भागों में बारिश होने की संभावना है। राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में ठंड में इजाफा हुआ है। प्रदेश में शीतलहर चल रही है। ठिठुरन बढ़ने से शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। चौक-चौराहों पर राहगीर ठंड से बचने अलाव का सहारा लेते दिखते हैं। सरगुजा में शीतलहर को लेकर अलर्ट: अंबिकापुर का 5.9 तो बलरामपुर का तापमान पहुंचा 4.7 डिग्री मौसम विभाग ने 19 जिलों में 2 दिनों के लिए कोल्ड वेव (शीतलहर) का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश में सबसे ठंडा बलरामपुर है। यहां न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के उत्तरी भाग में कुछ पैकेट में शीतलहर चल रही है। साथ ही साथ उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ पैकेट में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। सरगुजा संभाग के अनेक जिलों में पाला की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। सरगुजा संभाग से लगे बिलासपुर संभाग और दुर्ग संभाग के जिलों में एक दो पैकेट में शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को किया स्मृतिचिन्ह भेंट

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सर्किट हाउस जगदलपुर

में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को स्मृति चिन्ह के रूप में धनुष बाण भेंट किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

शिविर लगाकर बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। जिले के ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन कर 70 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के ग्रामीण हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड से निजी एवं शासकीय अस्पतालों में दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने पंचायतो में लगने वाले शिविरों में 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की है। इसके अलावा आयुष्मान मोबाईल एप व सीएसएसी सेंटरों से भी आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए आवेदन किया जा सकता है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम: चिरायु योजना के तहत 42 बच्चों की हृदय जांच, 16 बच्चों का होगा ऑपरेशन

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। बीते गुरूवार को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत चिरायु योजना के तहत जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के 42 बच्चों और

किशोरों की हृदय रोगों की स्क्रीनिंग की गई। विशेष शिविर में हृदय रोग शल्य चिकित्सक डॉ. अजय चैरसिया, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. तुषार एवं उनकी टीम ने हृदय रोगों से पीड़ित संभावित बच्चों को जांच, इकोकार्डियोग्राफी और अन्य आवश्यक परीक्षण कर उनकी स्थिति की पुष्टि की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, शासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में चिरायु दल द्वारा पूर्व में किए गए परीक्षणों के आधार पर संभावित जन्मजात हृदय रोग वाले बच्चों को इस शिविर में जांच के लिए बुलाया गया था। जांच के उपरांत 16 बच्चों को हृदय ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इन बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन चिरायु योजना के तहत डीईआईसी, जिला अस्पताल दुर्ग से समन्वय कर शीघ्र किया जाएगा। इस विशेष शिविर में बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, नोडल अधिकारी डॉ. पंकज वैष्णव, डीपीएम सोनल ध्रुव, बीपीएम आकाश तंबोली चिरायु दल के चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, एएनएम, लैब टेक्नीशियन और सिविल अस्पताल खैरागढ़ के स्टाफने सहयोग प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीत सत्र धान खरीदी पर विपक्ष का स्थगन

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीत सत्र में भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। जहां स्थगन प्रस्ताव के ग्रहाता पर चर्चा के दौरान हंगामा हो गया।छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीत सत्र में भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। जहां धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से लाए गए स्थगन पर चर्चा हुई। सदन में विपक्ष ने धान खरीदी पर स्थगन प्रस्ताव लाया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, किसान परेशान हो रहा है और सोसायटियों में लिमिट से खरीदी हो रही है। अधिकांश जगहों में धान खरीदी बंद हो रही है और केंद्रों में नोटिस चस्पा कर दिया गया है। बहुत से जिलों में कुछ दिनों में धान खरीदी ठप हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि, 160 लाख मैट्रिक टन की धान खरीदी करनी है। तब पहले सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए थी। सरकार केवल फीता काटने और फूलमाला पहनने के लिए है। स्थगन प्रस्ताव के ग्रह्यता पर चर्चा के दौरान हंगामा हो गया। जब बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने महादेव सट्टा पर सवाल किया तो भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा के शीत सत्र में पहले ही दिन धान खरीदी का मसला उठा। खरीदी अव्यवस्था का मुद्दा शून्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया। श्री बघेल ने कहा कि, सरकार ने धान खरीदी में ध्यान नहीं दिया। जो व्यवस्था थी उसको

बर्बाद कर दिया है। श्री बघेल ने कहा कि, खरीदी केंदों में बारदाने की कमी है। टोकन में ऑनलाइन और ऑफ्लाइन के चक्कर में किसान पिसते जा रहे हैं। एक महीने से ऊपर हो गया एक तिहाई ही धान खरीदी हो पाई है। उन्होंने कहा कि, राइस मिलर हड़ताल पर हैं, परिवहन हो नहीं रहा है। खरीदी केंद्रों में धान जाम है, कई जिलों में धान का उठाव नहीं हो रहा है। इसके अलावा भूपेश बघेल ने कहा कि, समझ में नहीं आ रहा है कि, सरकार में चलती किसकी है। इस टोकते हुए वरिष्ठ भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि, भूपेश बघेल सदन में भाषण न दें। श्री चंद्राकर के ऐसा कहने पर विपक्ष की ओर से जमकर नारेबाजी शुरू हो गई। पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच तीखी नोक- झोंक भी हुई। भूपेश बघेल ने कहा कि, सिमगा सोसायटी में धान की नमी के नाम पर किसानों से वसूली की जा रही है, सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि, जिले के कई जगहों की भूमि पर अवैध कब्जा हुआ है। जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि, 2021 से 2024 के बीच सरकारी भूमि पर कब्जे की 563 शिकायतें मिली हैं। सुशांत शुक्ला ने कहा कि, कितने अफसरों पर कार्यवाही हुई। इस पर जवाब देते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि, अभी पट्टे का वितरण नहीं हुआ है। पिछली सरकार में गलत ढंग से गलत पट्टा बंटा हो तो उसकी जांच कराएंगे। विधायक धरमजीत सिंह ने कहा कि, सरकारी जमीन पर अफरा-तफरी हुई है। राजस्व मंत्री टंक राम ने कहा कि, शिकायतों की जांच कलेक्टर से कराएंगे।

सोसायटियों में धान जाम होने के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर से मिले

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले सभी सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर से मिले। सोसायटीयों में लगातार धान खरीदी होने एवं प्रर्याप्त मात्रा में परिवहन नहीं होने से सभी सोसायटी में अत्याधिक मात्रा में धान जाम होने के कारण सभी सोसायटी में खरीदी अब तब बंद होने की स्थिति में है और बहुत जगह धान खरीदी बंद भी हो गया है।जिसके कारण किसानों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। सोसायटी में प्रर्याप्त मात्रा में धान रखने के लिए जगह नहीं होने के कारण किसानों के बीच में लडाई झगड़ा होना आम बात हो गया है। अगर एक से दो दिनों में परिवहन नहीं हुआ तो सभी सोसायटी में धान खरीदी बंद हो जायेगा। जिससे किसानों को और ज्यादा परेशानी होगी। परिवहन संबंधि त्वरित रूप से निराकरण करने हेतु आज सभी प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर से मिले। उन्होंने निराकरण करने हेतु आश्वस्त किया । कलेक्टर से मिलने वाले में प्रमुख रूप से गहिरा भेड़ी सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी आलोक मिश्रा , जोशीलमती सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी हिरेन्द्र साहू,गैन्दाटोला सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी सुकृत साहू,कद्दू बंजारी के प्राधिकृत अधिकारी खेमचन्द साहू,कुहीकला सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी राम कुमार, गोकूल नेताम, पदुमलाल साहू, नूतन साहू, अशोक मरकाम,आदि उपस्थित रहे।

गीतांजलि महिला संगठन की अध्यक्ष पुष्पलता सेरूवा ने की विधानसभा अध्यक्ष से भेंट

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गीतांजलि महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता सेरूवा ने विधानसभा में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन की गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुलाकात के दौरान श्रीमती सेरूवा ने महिलाओं के कल्याण और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और विधानसभा अध्यक्ष से आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। डॉ. रमन सिंह ने संगठन के प्रयासों की सराहना की और हरसंभव समर्थन का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों, महिलाओं, गरीब एवं पिछड़े वर्गों का बढ़ा मान-सम्मान

सुशासन के एक वर्ष में हुए बहुत अच्छे कार्य - उमेश कुमार, फोटो प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं का अच्छा संकलन - राम स्वरूप

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्य शासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। फोटो प्रदर्शनी में राज्य शासन और जिले विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। फोटो प्रदर्शनी में राज्य शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं, कार्यक्रमों और इनसे लाभान्वित लोगों की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में महतारी वंदन योजना, कृषि उन्नति योजना, पोट्टु लईका पहल, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर नल से पेयजल की आपूर्ति सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों ने राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने शासन के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि इन योजनाओं से किसानों, महिलाओं, गरीब एवं पिछड़े वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया गया है। प्रदर्शनी में नागरिकों ने राज्य शासन के एक वर्ष में किए गए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को देखकर प्रशंसा की। फोटो प्रदर्शनी में उपस्थित अतिथियों एवं पत्रकारों को जनमन, उदित छत्तीसगढ़ बुकलेट, खुशियों का नोटिफिकेशन, सुशासन के नवीन आयाम जैसी किताबों का नि:शुल्क वितरण किया गया।जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी में केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जिले के विकास कार्यों, नवाचार तथा अभियानों के संबंध में झलक प्रस्तुत की गई है। राजनांदगांव के श्री उमेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष में बहुत अच्छे कार्य किए गए हैं। जिसको इस फोटो प्रदर्शनी में बहुत अच्छे से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने किसान, महिलाओं, गरीब एवं पिछड़े वर्गों के लिए योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित किया है और उन्हें उनका मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना से एक हजार रूपए प्रति माह मिलने से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। इसी तरह किसानों को धान खरीदी केन्द्र में ही माईक्रो एटीएम के माध्यम से राशि निकालने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। गरीबों के लिए सम्मान बढ़ाते हुए उन्हें प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जा रहा है। पक्का आवास बनने से गरीबों के सपने साकार हो रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन से महिलाओं को सुविधा मिली है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोखली निवासी श्री राम स्वरूप ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाएं नागरिकों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा किए गए विकास कार्यों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से बहुत अच्छे से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां से प्राप्त नि:शुल्क पुस्तकें प्रतियोगी परीक्षा के दृष्टिकोण से बहुत उपयोगी है। जिसमें शासन की योजनाओं का अच्छा संकलन है।

धूमधाम से मनाया गया केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 62 वाँ स्थापना दिवस समारोह

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगाँव में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 62 वाँ स्थापना दिवस बड़े

उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ द्य मुख्य अतिथि श्रीमान संजय अग्रवाल(ड्ढस्) कलेक्टर राजनांदगाँव एवं अध्यक्ष पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगाँव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती ताबिश अहमद, सदस्य(1द्ब), पालक प्रतिनिधि श्री श्री अजित ओगरे (डीएसपी, राजनांगाँव), डॉ.श्वेता बंसोड (मेडिकल ऑफिसर राजनांदगाँव), सेवा निवृत शिक्षिका श्रीमती सुरीता सैनी ,भूतपूर्व छात्र श्री चित्रकान वर्मा, श्री देव उज्जवल बाफ़ना, सुश्री सोनाली वर्मा उपस्थित रहे द्य इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य छात्र -छात्राओं के सामूहिक गीत, अस्वा प्रतिमा द्वारा प्रस्तुत केविसं. की आत्मकथा कविता, समृद्धि दूबे द्वारा प्रस्तुत नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। कक्षा 11 वि. के विद्यार्थी समृद्धि राजन एवं कमल महिपाल ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन की यात्रा और गौरवान्वित इतिहास के बारे में बताया द्यभूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने स्कूली जीवन के अनमोल अनुभवो को साझा करते हुए केंद्रीय विद्यालय की विशेषताओं पर प्रकाश डाले द्य तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए बच्चों को पढ़ने और सीखने तथा अपने जीवन में सफ़लता के शिखर को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किए।

आज छपारा मंडई- मेला

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम छपारा में आज 17 दिसंबर को मंडई- मेला का आयोजन रखा गया है। मड़ई के उपलक्ष्य में लोक धारा 'परसा के फुल' कबीर धाम कवर्धा दानी वर्मा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी उपसरपंच जितेन्द्र गेन्डरे व ग्राम प्रमुख मनोज पटेल के द्वारा दिया गया।

जिले में सुकन्या समृध्दि योजना के तहत 6602 खाते खोले गये

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारत सरकार द्वारा बेटी की सुरक्षा, बेटी की शादी एवं शिक्षा को लेकर बेटी के माता-पिता को

चिंता मुक्त करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना प्रारंभ की गई है। योजना का लाभ लेने के लिए माता-पिता डाक घरों में बेटी के नाम पर कम से कम 250 रूपए मासिक जमा कर सकते हैं। जमा की गई राशि बेटी के 21 वर्ष पूर्ण होने पर परिपक्व राशि प्राप्त की जा सकती है। सुकन्या समृद्धि योजना में अन्य जमा रकम की अपेक्षा अधिक ब्याज दिया जाता है। योजना में खाता खोलने की सामान्य आयु सीमा बच्चे की जन्म तारीख से 10 साल के पूर्व तक है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना से लाभार्थी माताओं को अपने बालिका के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोल कर योजना से लाभान्वित होने प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 6602 खाते खोले गये हैं। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के पोस्ट ऑफिस में 1713 व बैंक में 207, डोंगरगढ़ विकासखंड के पोस्ट ऑफिस में 2648 व बैंक में 196, डोंगरगांव विकासखंड के पोस्ट ऑफिस में 628, छुरिया विकासखंड के पोस्ट ऑफिस में 1195 व बैंक में 9 खाते खोले गये है। इसके तहत जिले में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पोस्ट ऑफिस में कुल 6184 तथा बैंक में 418 खाते खोले गये हैं। मैदानी स्तर में विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में दिनांक 10 दिसंबर 2024, दिन-मंगलवार को देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत प्रशिक्षणार्थियों व सहायक प्राध्यापकों का पंजीकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, मनकी, राजनांदगांव के द्वारा नागरिकों का प्रकृति परीक्षण करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर प्रवक्ता कार्यरत विकास सिंह राथौड़ (सहायक प्राध्यापक) के नेतृत्व में इस अवसर पर आयुर्वेद के महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी गई। विकास सिंह राथौड में अभियान के उद्देश्य को

विस्तार से समझाते हुए कहा कि इस पहल का मुख्य लक्ष्य लोगों को उनकी आयुर्वेदिक प्रकृति के बारे में जागरूक करना है। इस ऐप के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य समस्याओं का विश्लेषण किया जाएगा, बल्कि जीवन शैली में प्रकृति के अनुसार बदलाव, खान-पान के सुझाव और स्वस्थ जीवन जीने की तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांति लाना है, जो आयुर्वेद को हर घर तक पहुंचने में मदद करेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन विरासत है और इस अभियान के माध्यम से लोगों को आयुर्वेदिक ज्ञान को अपने और अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस निदान में भाग लेकर प्रशिक्षणार्थियों व सहायक प्राध्यापको को प्रमाण-पत्र दिया गया। महाविद्यालय में आयुर्वेदिक अस्पताल की स्वास्थ्य टीम का स्वागत किया और उन्हें शिक्षकों और विद्यार्थियों की जानकारी प्रदान की। कॉलेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयुर्वेद के सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

एक वर्ष में राज्य सरकार ने अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए : देवकुमारी साहू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री देवकुमारी साहू ने प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि 13 दिसंबर का दिन राज्य के लिए ऐतिहासिक है , जब एक वर्ष पूर्व प्रदेश की जनता ने सरकार की चाबी भाजपा को सौंपी थी । पिछले एक वर्ष में राज्य सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है । राज्य सरकार ने अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं । भाजपा का स्पष्ट मत है कि छत्तीसगढ़ की स्थापना हमने की है , इसे हम ही संवारेंगे ।

भाजपा महिला नेत्री श्रीमती साहू ने राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच साल में राज्य काफी पिछड़ गया था , प्रदेश में पिछले एक वर्ष से भाजपा की सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जो चहुमुखी विकास के कार्य हो रहे है वह आमजनों के जीवन स्तर में बढ़ोतरी के संकेत दे रहे हैं । जिसका *अंतर स्पष्ट दिखता है,,,**छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी सरकार का एक वर्ष पूर्ण हुआ,,,*ओर विकास की गंगा प्रवाहित होने लगी । पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान सप्ताटे में रहे सरकारी कार्य, यहां तक स्थिति सबने देखी की गाँवो , शहरों में नालियों का सुधार कार्य तो सके उसके लिए भी राशि नहीं दी जा रही थी , जिससे टूटी नालियाँ , खराब सड़कें हर तरफदिखने लगीं थीं,,, विगत एक वर्ष में पुरे प्रदेश में छोटे - बड़े सरकारी कार्य प्रारम्भ होते दिख रहे हैं ,,,कुछ बड़ी परियोजनाओं की घोषणा के बाद कार्य धरातल में उतरता दिख रहा है जिसके लिए बजट में राशि प्रावधान भी हुआ है । नगर पंचायत हो,नगर पालिका हो या नगर निगम हो । गाँवो, शहरों में पिछली सरकार के दौर में पसरी गंदगी,धूल धुसरित सड़कें और कस्बे बेहतर होकर साफ होते दिख रहे हैं । पिछली सरकार के दौरान छदम योजनाएं जिनमें भ्रष्टाचार भरपूर हुआ जो जांच में पकड़ न आये और ऐसी औचित्यहिन योजनाएं जैसे नरुआ,गरुआ,बाढ़ी चलती रहीं इनसे आम जन को कोई राहत नहीं मिल पाया , सिर्फ भ्रष्टाचारी नेताओं के घर पर खूब धन बरसता रहा । विगत एक साल से लोक कल्याण के अनेक कार्य होते स्पष्ट दिखने लगे हैं,,,* खेतों में पानी के लिए नहर , साथ ही मंडियों में किसानों को उनकी उपज के बेहतर मूल्य और बेहतर प्रबंधन भी,,,* गांव अथवा शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट्स पुन: जलती दिखने लगीं हैं,,, सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था को ठीक करके बेहतर चिकित्सा सुनिश्चित होने लगी है, छत्तीसगढ़ में उद्योग जगत का पुन: उत्थान करने के गंभीर प्रयास और योजनाएं बजट प्रावधान के सांथ धरातल पर आ गईं हैं, । छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पिछले पांच साल कांग्रेस की कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार के बोलबाले के चलते बहुत नुकसान उठाया और प्रदेश का विकास थम सा गया । सब तरफसरकारी लूट करके अपने घर भरने की होड़ जैसी दिखती थी । अब पुन: भाजपा की पूर्व सरकार जैसा स्वर्णिम समय आने लगा है ,जैसा डॉ रमन सिंह जी की विकासोन्मुख योजनाओं से प्रदेश में हर तरफ खुशहाली दिखती थी , अब वर्तमान प्रदेश सरकार के मुखिया श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रहा है ।

शिक्षाशिल्पी सम्मान से सम्मानित हुआ शिक्षिका इंदिरा चंद्रवंशी

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। उज्जैन के मौनतीर्थ पीठ के अधिष्ठाता सतगुरु श्री मौनी बाबा के 115 वां जन्म जंयत्री पर्व मनाया गया। इस

मौके पर मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन, एमडी एजुकेशन सोसायटी सरायपाली छत्तीसगढ व कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वधान में दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के कार्यो के प्रति सम्मान एवं उच्च शैक्षणिक विचार संवर्धन की दृष्टि से कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको का सम्मान किया गया। जिसमें खैरागढ ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरी सिरदार में पदस्थ शिक्षिका इंदिरा चंद्रवंशी को शिक्षाशिल्पी सम्मान से सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लाटमेटा नवाटोला कुमरदा रा में दिनांक 27, 28 व 29 दिसम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो एसोसिएशन एवं जिला खो-खो संघ राजनादगांव के सँयुक्त तत्वावधान में तीन द्विवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो-खो, टेक्निकल ऑफिशियल्स (निर्णायक) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कोई भी खो-खो खेल से जुड़े लोग भाग ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खो-खो खेल के नियमों, मैदान निर्माण, फाउल सिगनल्स, विशलिंग, स्कोर शीट भरना, टेक्निकल ऑफिशियल्स की ड्यूटी, नये रूल रेगुलूशन, प्रेक्टिकल वर्क, फिटनेस वर्क, आदि की प्रशिक्षण, खो-खो खेल के विशेषज्ञ समिति द्वारा दिया जायेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ खो- खो संघ ने दिल्ली, अहमदाबाद, कोल्हापुर से, खो-खो के विशेषज्ञ बुलाये हैं जो छत्तीसगढ़ के खो-खो निर्णायकों को प्रशिक्षण देगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी ऑफिशियल्स के लिए आवास, भोजन, ग्राउण्ड की व्यवस्था लाटमेटा में किया गया है। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले निर्णायकों को दिनांक 26 दिसम्बर को शाम 07 बजे तक अपनी उपस्थिति लाटमेटा में देना है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क,1500 रुपये रखा गया है। तो कि रजिस्ट्रेशन करते समय 26 दिसम्बर को जमा करना होगा । प्रशिक्षित सभी लोगों को, प्रमाण पत्र, आई कार्ड, और खो-खो खेल से सम्बंधित कुछ विशेष सामग्रियों का वितरण किया जायेगा। छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कमलजीत अरोरा जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री उमेश सिंह, श्री ललित वर्मा, श्री पूरण जायसवाल, पूर्व महासचिव श्री गोविंद मुदलियार के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 27 दिसम्बर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से किया जायेगा।और समापन समारोह कार्यक्रम दिनांक 29 दिसम्बर रविवार को शाम 04 बजे से किया जावेगा। खो-खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला ने उक्त जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में खो-खो खेल से जुड़े निर्णायकों को उपस्थित होने की अपील किया है ।

गुरू घासीदास जयंती, 18 दिसम्बर को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 दिसम्बर दिन बुधवार को गुरूघासी दास जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव (छ0ग0)

// बंधक प्लाट आदेश //

क्रमांक / 4842 अ0वि0अ0/प्र.1/2024 राजनांदगांव दिनांक 16/12/2024

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क0-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते नियम - 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदक श्री विनोद बोहरा आ0 श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फ्राकान प्रा0लि0 निवासी सर्वसिटी कालोनी राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम फहद प0ह0न0 29 स्थित भूमि ख0न0 32/154 रकबा 0.199 हे0 पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) के कालोनी विकास अनुज्ञा इस न्यायालय के ग0मा0क्र0 2024070900700172 अ/89 (13) वर्ष 2023-24 के द्वारा दिनांक 16/12/2024 को जारी किया गया है ।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते नियम 199 के नियम - 12 व यथा संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों को छोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पास बंधक रखा जाता है। ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाऐंगे तथा विकय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं.	प्लाट नं.	रकबा (व.मी.)
1	बी एक्स- 2	143.12
2	बी एक्स- 3	153.25
कुल	02	296.37

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
राजनांदगाव (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव (छ0ग0)

// बंधक प्लाट आदेश //

क्रमांक / 4840 अ0वि0अ0/प्र.1/2024 राजनांदगांव दिनांक 16/12/2024

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क0-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते नियम 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदकश्री विनोद बोहरा आ0 श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फ्राकान प्रा0लि0 निवासी सर्वसिटीकालोनी राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम फहद प0ह0न0 29 स्थित भूमि ख0न0032/158 रकबा 0.198 हे0 पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) के कालोनीविकास अनुज्ञा इस न्यायालय के ग0मा0क्र0 2024109070 0046 अ/89 (13) वर्ष 2023-2-4के द्वारा दिनांक 16/12/2024 को जारी किया गया है।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते नियम 199 के नियम-12 यथया संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों कोछोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पासबंधक रखा जाता है। ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाऐंगे तथाविकय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है:-

क्रं.	प्लाट नं.	रकबा (व.मी.)
1	बी एक्स-19	150.89
2	बी एक्स-20	144.81
कुल	02	295.70

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
राजनांदगाव (छ.ग.)

सिन्हा समाज के शिवशंकर जिला अध्यक्ष निर्वाचित

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के आज हुए जिला अध्यक्ष के चुनाव में शिवशंकर डड़सेना ने सीधे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी हरप्रसाद सिन्हा को लगभग 1656 मतों से बड़ी शिकस्त दी। वहीं युवा मंच के चुनाव में लुकेश सिन्हा ने भी सीधे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी तोषण सिन्हा को लगभग 180 मतों से हराया। युवा, कर्मठ, समाज के प्रति लगन रखने वाले शिवशंकर के विजयी होने से समाज में हर्ष एवं खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के मुख्य संगठन का जिला स्तरीय चुनाव का आयोजन आज ग्राम मुर्मुदा में रखा गया था। कुछ वर्षों के अंतराल में पुन: आमभतदाताओं से हो रहे मतदान में भारी गहमागहमी रही। चुनाव में समाज के संगठन

की दृष्टि से राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया तथा डोंगरगढ़ तहसील के व्यस्त महिला पुरूष तथा युवा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। समाज के चुनाव में मुख्य संगठन के अध्यक्ष तथा युवा मंच के अध्यक्ष पद हेतु मतदान डाला गया। जबकि, मुख्य संगठन के महामंत्री व कोषाध्यक्ष, महिला मंच की अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष तथा युवा मंच के महामंत्री व कोषाध्यक्ष पहले ही निर्विरोध हो गये थे। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शिवशंकर डड़सेना को 2752 तथा उनके प्रतिद्वंदी हरप्रसाद सिन्हा को 1096 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार शिवशंकर सिन्हा ने लगभग 1656 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। वहीं युवा मंच के अध्यक्ष पद हेतु लुकेश सिन्हा तथा तोषण सिन्हा आमने सामने थे। युवा मंच के लिए समाज के 18 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के युवक युवतियों ने मतदान में हिस्सा लिया। घोषित चुनाव परिणाम अनुसार लुकेश सिन्हा 479 तथा तोषण सिन्हा को 299 मत मिले, इस प्रकार लुकेश ने लगभग 180 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। मतदान पश्चात् तुरंत मतों की गिनती की गई और परिणाम की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर सिन्हा द्वारा की गई। परिणाम के बाद विजयी प्रत्याशियों को बधाई देने वालों का हुजुम उमड़ पड़ा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी एवं संस्थाओं को किया जाएगा पुरस्कृत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 के अवसर पर राज्य एवं जिला स्तर पर निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संस्थाओं को 1 जनवरी 2024 के बाद उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित करने पुरस्कृत किया जाएगा। जिले के बीएलओ एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर नोडल अधिकारी पुरस्कार हेतु स्वीप को प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित नामांकन पत्र में प्रस्तुत करने सूचना दी गई है। नामांकन पत्र की साफ्ट कॉपी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण व निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों में विधानसभा स्तर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु आयोग के निर्देशानुसार प्रति विधानसभा क्षेत्र से एक बीएलओ जिले के 4 बीएलओ को पुरस्कृत किया जाएगा।

शुभांक
1-4-7
479-0 157-3
भाग्यांक
456-5 ----

एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों एवं पंचायत भवन में कृषक पंजीयन किया जाएगा

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन किया जाएगा। जिसके तहत जिले के समस्त धान खरीदी केंद्रों एवं पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किए जाने समय सारणी निर्धारित किया गया है। यह शिविर जिले में 11 दिसंबर से शुरू हो गया है, जो 31 दिसंबर 2024 तक चलेगा। किसान वर्ग निर्धारित स्थान में प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं। शिविर का संचालन तहसील खैरागढ़ के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र अतरिया, अमलीडीह कला, भुलाटोला, अमलीपारा, सिंगारघाट, ईटार, कामदा, जालबांधा, टोलागांव, डोकराभाटा एवं समस्त ग्राम पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार तहसील छुईखदान के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र उदयपुर, रोड अतरिया, गोपालपुर, बीरूटोला, श्यामपुर, झुरानदी, बुंदेली, सिलपट्टी एवं समस्त ग्राम पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार गंडई तहसील के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र गंडई, लिमो, पैलीमेटा, मोहगांव, चकनार, बरबसपुर, दनिया, ठंडार, कांशीटोला एवं समस्त ग्राम पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार साल्हेवारा तहसील के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र बकरकट्टा, साल्हेवारा, रामपुर, आमगांव, सहसपुर, कुम्हारवाडा एवं समस्त ग्राम पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मै भेमेंश्वरी वर्मा BHEMESH-WARI VERMA) निवासी वार्ड नंबर 13 धनेली तह. खैरागढ़ जिला के.सी.जी.(छ.ग.) है यह की मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम भूमि वर्मा अंकित हो गया है । भूमि वर्मा और भेमेंश्वरी वर्मा दोनों नाम एक ही है अथवा मेरा ही नाम है । अत: मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम भेमेंश्वरी वर्मा (BHEMESHWARI VERMA) पिता तरुण कुमार वर्मा से ही जाना पहचाना जावे।

भेमेंश्वरी वर्मा
वार्ड नंबर 13 धनेली तह.
खैरागढ़
जिला के.सी.जी.(छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मै काव्या लालवानी पति मनीष लालवानी निवासी गली नं.04 सिंधी कालोनी लालबाग राजनांदगाँव (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम कान्ता अडवानी को त्याग कर नया नाम काव्या लालवानी रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम काव्या लालवानी पति मनीष लालवानी से ही जाना पहचाना जावे।

काव्या लालवानी पति मनीष लालवानी
गली नं.04 सिंधी कालोनी
लालबाग राजनांदगाँव (छ.ग.)

तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.

-:: ईश्तहार ::-

रा.मा.क्रं.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पार्वती साहू आ. श्री गेन्दलाल साहू निवासी शहर / ग्राम वार्ड नंबर 33 वर्षमान नगर प.ह.न. तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र आशुतोष साहू आ. गेंदलाल जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 26/12/2024 तक लिखित में स्वंय/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर वितार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार दिनांक 12/12/2024 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 12/12/2024
सुनवाई दिनांक - 26/12/2024

सील **कार्यपालिक दडाधिकारी राजनांदगांव छ.ग.**

ज्ञान मंथन

1) शिक्षा का अधिकार किस संविधान संशोधन द्वारा मौलिक अधिकार में शामिल किया गया?
2) कहाँ की पहली एआई आधारित फिल्म इराह का ट्रेलर और गाना मुंबई में लॉन्च किया गया है?
3) एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?
4) गन्ना को कायिक प्रवर्धन के द्वारा क्यों बोया जाता है?
5) अब्देल फ्तेह अल-सीसी किस देश के तीसरी बार राष्ट्रपति बने हैं?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) छियासीवां संविधान संशोधन (2) भारत (3) जयपुर
(4) गन्ने में बीज पैदा नहीं होते हैं (5) मिस्र

किसानों के हित में कांग्रेस का आज जबरदस्त आंदोलन

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में सरकार को जगाने पूरी ताकत झोंकेगी कांग्रेस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पीसीसी के आदेश के परिपालन में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में आज 17 दिसंबर को सभी विकासखंड मुख्यालय में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। यह आंदोलन सेवा सहकारी समितियों में समर्थन दर पर धान खरीदी में भारी अवस्था और दुर्व्यवस्था सहित किसानों से जोड़े अन्य मुद्दों को लेकर होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू ने बताया कि आंदोलन को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी है। हजारों की संख्या में किसान अपने अधिकारों के लिए कांग्रेस के बैनर तले आवाज बुलंद करेंगे। श्री साहू ने आगे बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के आदेश अनुसार जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव द्वारा सभी ब्लॉको के सोसाइटी में 17 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित है। जिसके निम्न अनुसार प्रभारी समय व स्थान दुरुस्त कर चुके हैं। घूमका ब्लॉक के घुमका में 09:00 से 11बजे प्रभारी योगेन्द्र दास

वैष्णव प्रभारी महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, राजनांदगांव ब्लॉक राजा भानपुरी में 10:00 से 12 बजे प्रभारी टीकम साहू कोषाध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, डोंगरगढ़ ब्लॉक के कसारी में दोपहर 11:00 बजे से 1:00 बजे मदन मोहन साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, लाल बहादुर नगर ब्लॉक के मुड़पार में 12:00 से 2:00 बजे दशरथ ठाकुर उपाध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, डोंगरगांव ब्लॉक के दीवान भेड़ी में दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे पुरुषोत्तम साहू मीडिया प्रभारी जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, कुमरदा ब्लॉक के कुमरदा में दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे प्रभारी डॉ नरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष प्रदेश पिछड़ा वर्ग, छुरिया ब्लाक के शिकारी महका में दो3:00 बजे से 5:00 बजे प्रभारी चुम्मन साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव। सभी प्रभारीगण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष व किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष से संपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाऐं।

गुप्त मतदान चुनाव में रेलवे मजदूर कांग्रेस ने फिर से एक मात्रा संगठन की मान्यता प्राप्त की

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय रेलवे में गुप्त मतदान चुनाव में 2024 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस ने 11 साल सत्ता में रहने के बाद भी अपना एकमात्र मान्यता प्राप्त यूनियन प्राप्त किया चुनाव दिनांक 4,5 व 6 दिसंबर को हुआ था जिसमें समस्त रेल कर्मचारियों ने भाग लिया इसकी गणना 12 दिसंबर को किया गया जिसमें रेलवे मजदूर कांग्रेस को 11092 वोट प्राप्त हुए बिलासपुर जोन में कुल 44611 मतदाता मे से कुल 39034 मतदाताओं ने अपने मतदान किया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस ने जीतकर एक नया अध्याय लिख दिया रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा डोंगरगढ़ के शाखा सचिव अनिल पोद्दार बताया कि मजदूर कांग्रेस के अलावा पांच रेल संगठनों ने भी चुनाव लड़ा जिसमें से श्रमिक यूनियन (लाल झंडा), अखंड रेलकर्मचारी संघ, मजदूर संघ, रेल मजदूर संघ, स्वतंत्र रेल बहुजन कर्मचारी, ने चुनाव लड़ा जिसमें बिलासपुर जोन में बहुत से एसोसिएशन मजदूर कांग्रेस का विरोध किया गिर भी मजदूर कांग्रेस की जीत यह बताता है कि 11 साल में केवल काम किया जिसके कारण कर्मचारियों में उनका प्रभाव बना रहा इसमें सबसे आश्चर्य जनक बात ये रही कि श्रमिक यूनियन ,(लाल झंडे)का तीसरे नंबर में आना कर्मचारियों में अपना विश्वास खोना है इस पूरे चुनाव का नेतृत्व मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री श्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण जी के नेतृत्व में लड़ा गया नागपुर मंडल में मजदूर कांग्रेस मंडल संयोजक श्री इंदल दमाहे के नेतृत्व में लड़ा गया इसमें सबसे अधिक वोट नागपुर मंडल से ही प्राप्त हुआ दौनगढ़ में चुनाव का नेतृत्व शाखा सचिव अनिल पोद्दार एवं शाखा अध्यक्ष अमित डे नेतृत्व में लड़ा गया प्रचार के दौरान घर-घर जाकर संपर्क किया गया और 11 सालों में जो कार्य किया गया था उसके बारे में बताया गया इसी कार्य को देखते हुए इतनी विरोध होने के बाद भी मजदूर कांग्रेस की लोकप्रियता बनी हुई है एक ईमानदार छवि कर्मचारियों का जो काम करने के कारण यह जीत मिली है जीत जाने के बाद शाखा सचिव अनिल पोद्दार ने समस्त कर्मचारियों का धन्यवाद दिया तथा जिस तरह 11वर्ष तक जिस ईमानदारी से आप सभी का सेवा किया उससे अधिक कार्य करने का वादा किया डोंगरगढ़ में प्रचार प्रसार करने के लिए प्रमुख रूप से संदीप यादव, राजेंद्र, अरविंद सहारे ,विजय यूके, छोटेलाल, हीरामन ,सूर्य राव ,नंद कुमार गजाभिए, सरोज, वेद प्रकाश ,आनंद ,चूड़ामणि, अंसारी ,शत्रुंजय उपाध्याय, राजेश पांडे, जी.के. सिंह ,राजीव कुमार, रामबाबू, चंद्रशेखर, प्रकाश दुबे, सैकड़ों कर्मचारियों ने चुनाव प्रचार शामिल हुए।

तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने ट्रेक्टर ट्राली के पीछे ठोंका, एक मृत अन्य दो युवक घायल

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। स्कूटी चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर डोंगरगढ़-खरखाटोला स्थित पुल में खड़े कुबोटा सोल्ड ट्रेक्टर के ट्राली को पीछे से आकर ठोंक दिया जिससे स्कूटी में सवार तीनों वहीं पर गिर गये। एक्सीडेंट से सुरेश नेताम के सिर में गंभीर चोंट लगा। जिन्हें ईलाज हेतु सीएचसी डोंगरगढ़ लाया गया. जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर 26 वर्षीय सुरेश नेताम को मृत होना बताया। प्रार्थी पोषण कुमार चंद्रवंशी पिता भोलाशंकर चंद्रवंशी निवासी ग्राम कहुआपानी थाना बोरतलाव ने पुलिस को बताया गांव के ही रहने वाले सुरेश नेताम का ईभद्रुठा ग्राम खरखाटोला में है। जिसमें कभी-कभी ईट, रेत, कुटटी को ले जाने के लिए मेरे कुबोटा कंपनी ट्रेक्टर सोल्ड का उपयोग वह करता था। दिनांक 13 दिसंबर के सुबह 8 बजे महेश नेताम, सुरेश नेताम, तुलसी साहू के द्वारा कुटटी को ले जाने मेरे घर से सुरेश नेताम ट्रेक्टर को चलाते हुए ग्राम खरखाटोला लेकर गया था। कुटटी छोड़कर वापस आ रहा था तो ट्रेक्टर के डीजल खत्म होने से ट्रेक्टर को चंदन रेस्टोरेंट के सामने खरखाटोला पुलिया के ऊपर साईड में खड़ा कर दिया था। तुलसी साहू अपने स्कूटी को अपने घर से डीजल लाने के लिए खरखाटोला पुल के पास लेकर आए। उसके बाद स्कूटी में तीनों बैठकर डीजल लेने बोरतलाव गये थे। सुबह 11 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमके 9846 को सुरेश नेताम तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आ रहा था उसके पीछे में तुलसी साहू, महेश नेताम बैठे हुए थे। स्कूटी को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर खरखाटोला पुल में खड़े सोल्ड ट्रेक्टर के ट्राली को पीछे से आकर ठोंक दिया, जिससे तीनों वहीं पर गिर गये। एक्सीडेंट से तुलसी साहू के बायें गाल, नाक, महेश नेताम के सिर, बायें आंख तथा सुरेश नेताम के सिर में गंभीर चोंट लगा था, जिन्हें ईलाज हेतु सीएचसी डोंगरगढ़ लेकर गये जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर सुरेश नेताम पिता आशाराम नेताम उम्र 26 वर्ष निवासी कहुआपानी थाना बोरतलाव को मृत होना बताया.

घटना - चंदन रेस्टोरेंट खरखाटोला पुलिया के पास की

नही रहे मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन

अरविन्द तिवारी

सैन फ्रांसिस्को (नांदगांव टाइम्स)। भारत के सबसे प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकारों में से एक और तबले को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले दुनियां के उत्कृष्ट संगीतकारों में से एक मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन (73 वर्षीय) ने आज दुनियां को अलविदा कह दिया। अमेरिका के सैन फ्रॉसिस्को स्थित एक अस्पताल में ईलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली , उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे लगभग पन्द्रह दिनों से अस्पताल में भर्ती थे लेकिन बाद में उनकी तबियत और बिगड़ने की वजह से उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जाकिर हुसैन के निधन पर अमिताभ बच्चन , रणवीर सिंह , करीना कपूर खान , सोनाली बेंद्रे सहित कई अन्य हस्तियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह , रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित कई राजनेताओं ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया और महान तबला वादक को श्रद्धांजलि दी। बताते चलें 09 मार्च 1951 को मुंबई में जन्मे उस्ताद जाकिर हुसैन के पिता का नाम उस्ताद अल्लारक्खा कुरैशी और मां का नाम बावी बेगम था। उस्ताद अल्लारक्खा अपने समय के बेहद प्रसिद्ध तबला वादक थे , उन्होंने ही जाकिर को संगीत की शुरुआती तालीम दी थी।उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज ग्यारह वर्ष की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। उन्होंने ना सिर्फअपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया , बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ले गये। उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू , कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुम्बई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी और उन्होंने ग्रेजुएशन मुम्बई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से किया था। वर्ष 1973 में उन्होंने अपना पहला एल्बम 'लिविंग इन द मटेरियल वर्ल्ड' लॉन्च किया था। अपने छह दशक के लम्बे केरियर में संगीतकार जाकिर हुसैन ने कई प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय कलाकारों के साथ काम किया। वर्ष 1978 में जाकिर हुसैन ने कत्थक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी , उनकी दो बेटियां अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी हैं। वर्ष 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म 'हीट एंड डस्ट' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद वर्ष 1988 में 'द परफेक्ट मर्डर' , वर्ष 1992 में 'मिस बैटीज चिल्डर्स' और वर्ष 1998 में 'साज' फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया। उस्ताद जाकिर हुसैन को वर्ष 2023 में पद्म विभूषण , वर्ष 1988 में पद्मश्री , वर्ष 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 2009 में पहला ग्रैमी अवॉर्ड मिला था और वर्ष 2024 में उन्होंने तीन अलग-अलग एल्बम के लिये तीन ग्रैमी भी जीते , इस तरह जाकिर हुसैन ने कुल चार ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम किये थे।

सुपुर्द-ए खाक- विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में अंतिम सांस लेने वाले तबला वादक जाकिर हुसैन को भारत नही लाया जायेगा और संभवत: बुधवार को उन्हें सैन फ्रांसिस्को में ही सुपुर्द-ए खाक किया जायेगा। सूत्रों के अनुसार जाकिर हुसैन ने अपनी इंटैलियन पत्नी एंटोनिआ मिनेकोला से कहा था कि वे हमेशा उन्हीं के साथ रहना चाहते हैं और मरने के बाद भी वे उनके आसपास ही रहना चाहेंगे , इस तरह से उन्होंने अमेरिका में ही सुपर्द-ए-खाक किये जाने की ख्वाहिश जताई थी। जाकिर के भाई फ्लल कुरैशी भारत से अमेरिका पहुंच गये हैं और बहन खुर्शीद औलिया भी लंदन से अमेरिका के लिये रवाना हो चुकी हैं।

शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग खिलाडिय़ों एवं कलाकारों का किया गया सम्मान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में दिव्यांग खिलाडिय़ों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त जिला स्काउट गाईड श्री महेश खण्डेलवाल, समाज सेवी एवं अध्यक्ष आस्था मूक बधिर शाला के श्री महेन्द्र सुराना, समाज सेवी श्रीमती रूपम सोनछत्रा, समाज सेवी श्रीमती गीता राठौर उपस्थित थे। अतिथियों ने शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी दी।

दीनदयाल नगर विखली में आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन आज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्वास्थ्य विभाग जिला राजनांदगांव द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन मंगलवार 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दीनदयाल नगर चिखली स्थित नगर झेरिया यादव समाज के सामाजिक भवन में किया जा रहा है। डॉ .नेतराम नवरतन , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगाव द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार डॉ. बी. एल. तुलावी , जिला नोडल अधिकारी, आयुष्मान भारत, जिला राजनांदगाव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 से अधिक आयु वाले सीनियर सिटीजन का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन एवं 70 वर्ष से कम आयु वाले पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु उक्त एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के राजनांदगांव महानगर इकाई के अध्यक्ष गरीबाराम यादव, महामंत्री सुदेश यादव, नगर निगम पार्षद श्रीमती जया दुर्गेश यादव एवं श्रीमती खेमिन राजेश यादव ने यादव समाज के स्वजातीय जनों तथा आम नागरिकों से उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड , आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि समस्त वर्ग के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन नि:शुल्क किया जावेगा। अधिक जानकारी के लिए समाज के महामंत्री सुदेश यादव (9827185595), सूर्यकान्त वर्मा (7999055174), जीत कुमार (7000437543) एवं नागेश्वर साहू (6268882139) से संपर्क किया जा सकता है।

गुरु घासीदास जयंती पर 18 को शुष्क दिवस घोषित

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देश पर आदेश जारी कर जिले में 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 18 दिसम्बर को जिला केसीजी में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भंडारागार केसीजी बालोद पूर्ण रूपेण बंद रहेगा। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

धर्म समाचार....

मानसिक तनाव से पाना चाहते हैं छुटकारा, तो जरूर करें इन मंत्रों का जप

सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि पर चंद्र देव की पूजा की जाती है। चंद्र देव की पूजा करने से शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। इसके साथ ही जातक हमेशा प्रसन्नचित रहता है। वहीं माता जी की सेहत अच्छी रहती है। कमजोर चंद्रमा से मानसिक तनाव की समस्या होती है। ज्योतिष चंद्र देव की कृपा पाने के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, सोमवार 16 दिसंबर से पौष महीने की शुरुआत हो रही है। सोमार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव और मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही सोमवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। ज्योतिष कुंडली में चंद्रमा मजबूत करने के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। कुंडली में चंद्रमा कमजोर होने पर जातक को मानसिक तनाव की समस्या होती है। अगर आप भी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं और इससे निजात पाना चाहते हैं, तो सोमवार के दिन भगवान शिव की भक्ति भाव से पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप अवश्य करें।

राशि अनुसार मंत्र जप

मेष राशि के जातक सोमवार के दिन ' ? ग्रहाधिपाय नम:' मंत्र का एक माला जप करें।

वृषभ राशि के जातक पूजा के समय ' ? अव्ययाय नम:' मंत्र का एक माला जप करें।

मिथुन राशि के जातक सोमवार को ' ? धनुर्धराय नम:' मंत्र का एक माला जप करें।

कर्क राशि के जातक चंद्र देव को प्रसन्न करने हेतु ' ? दंडपाणये नम:' मंत्र का जप करें।

सिंह राशि के जातक चंद्र देव की कृपा पाने के लिए ' ? सर्वज्ञाय नम:' मंत्र का जप करें।

कन्या राशि के जातक शिवजी की कृपा पाने के लिए ' ? भव्याय नम:' मंत्र का जप करें।

तुला राशि के जातक सोमवार के दिन ' ? भद्राय नम:' मंत्र का एक माला जप करें।

वृश्चिक राशि के जातक महादेव की कृपा पाने के लिए ' ? शुभ्राय नम:' मंत्र का जप करें।

धनु राशि के जातक पूजा के समय रोजाना ' ? शुचये नम:' मंत्र का पांच माला जप करें।

मकर राशि के जातक मनचाही मुराद पाने के लिए ' ? कळधराय नम:' मंत्र का जप करें।

कुंभ राशि के जातक मानसिक तनाव दूर करने के लिए ' ? दोषकराय नम:' मंत्र का जप करें।

मीन राशि के जातक सोमवार के दिन पूजा के समय ' ? चंद्राय नम:' मंत्र का जप करें।

चंद्र देव मंत्र

1. प्रियंगुकलिकाश्यामं रुपेणाप्रतिमं बुधम ।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम ।। 2. ऊँ चन्द्रपुत्राय विदमहे रोहिणी प्रियाय धीमहि तन्नोबुध: प्रचोदयात ।3. ऊँ दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णवसंभवम नमामि शशिनं सोमं शंभोर्मुकुटभूषणम ।।4. ऊँ अमृतंग अनायाये विधमहे कलारुपाय धीमहि, तन्नो सोम प्रचोदयात ।।5. ऊँ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते स सृजेथामयं च ।अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन्विश्वे देवा यजमानश्च सीदत ।।

पौष कालाष्टमी पर दुर्लभ त्रिपुष्कर योग' समेत बन रहे हैं कई मंगलकारी संयोग

सनातन धर्म में कालाष्टमी पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन काल भैरव देव की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त कालाष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 22 दिसंबर को पौष माह की कालाष्टमी है। यह पर्व भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव देव को समर्पित है। इस शुभ तिथि पर काल भैरव देव की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष काम में सफलता पाने के लिए व्रत रखा जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो पौष महीने की कालाष्टमी पर दुर्लभ त्रिपुष्कर योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही सभी बिगड़े काम भी बन जाएंगे। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं- कालाष्टमी शुभ मुहूर्त- पौष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 22 दिसंबर को दोपहर 02 बजकर 31 मिनट पर होगी। वहीं, अष्टमी तिथि का समापन 23 दिसंबर को शाम 05 बजकर 07 मिनट पर होगा। काल भैरव देव की पूजा निशा काल में की जाती है। इसके लिए 22 दिसंबर को पौष महीने की कालाष्टमी मनाई जाएगी।

त्रिपुष्कर योग- पौष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर त्रिपुष्कर योग का संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 31 मिनट से हो रहा है। वहीं, समापन दोपहर 02 बजकर 31 मिनट पर होगा। ज्योतिष त्रिपुष्कर योग को बेहद उत्तम मानते हैं। इस योग में भगवान शिव की पूजा और जलाभिषेक करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आएगी।

आयुष्मान योग- पौष माह की कालाष्टमी पर आयुष्मान का संयोग बन रहा है। यह योग संध्याकाल 07 बजे तक है। इसके बाद सौभाग्य योग का निर्माण हो रहा है। आयुष्मान और सौभाग्य में काल भैरव देव की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही मनचाही मुराद पूरी होगी। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी दिन भर है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

सुशासन सप्ताह में सभी अधिकारियों की रहे सक्रिय सहभागिता : कलेक्टर

सुशासन सप्ताह 2024 के तहत प्रशासन गांव की ओर का आयोजन 19 से 24 दिसम्बर तक

जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों का संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

सुशासन सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह 2024 के तहत प्रशासन गांव की ओर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करें तथा जिम्मेदारी एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, विकासखंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सुशासन से संबंधित मुद्दों पर बातचीत करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के इस अभियान में सभी की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए तथा जन शिकायतों का निराकरण और सेवाओं की गुणवत्ता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए तथा शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी विभागों को शिकायतों का निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाईस के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतरीन पहल की गई है। इसी तरह जिला प्रशासन द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ट लईका पहल तथा जल संरक्षण के लिए विशेष तौर पर मिशन जल रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत किसानों को लाभान्वित करने के लिए कृषि एवं उससे जुड़े संबंधित विभाग कार्य करें। उन्होंने इस दौरान शिविर में बैंकर्स को भी उपस्थित रहने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नीति आयोग के फैलो श्री अमित परिहार एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चैत्र नवरात्रि पर्व 2025 में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने हेतु विशेष व्यवस्था 20 दिसम्बर से प्रारंभ

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि पर्व 2025 के लिये जो भक्त जन

ऊपर मंदिर में ज्योति कलश स्थापित करवाना चाहते हैं, वे विशेष व्यवस्था के तहत दिनांक 20 दिसम्बर 2024 से ज्योति राशि जमा करा सकते है। ज्योति राशि ट्रस्ट के समस्त कार्यालय में 20 दिसम्बर 2024 से ऊपर मंदिर हेतु 1100 रुपये की राशि नगद, बैंक ड्राफ्ट, या मनिआर्डर के द्वारा जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही साथ प्रतिदिन वर्ष भर होने वाले माता जी के विशेष अभिषेक श्रृंगार हेतु ऊपर मंदिर या नीचे मंदिर में 500 रुपये की रसीद कटाकर विशेष अभिषेक पूजन करा सकते है, या अपने विशेष अवसरों पर माता जी की विशेष पूजा के लिये 250 रु. की राशि जमा कराकर विशेष पुजा करा सकते है, तथा अनवरत चल रहे ऊपर मंदिर में भंडारा प्रसाद के लिये भी दान दे सकते है, यह व्यवस्था माता जी के भक्तजनों को विशेष सुविधा के तहत दी जा रही है। उक्ताशय की जानकारी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी है।

संदिग्धों की जांच में जुटी पुलिस

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। एसडीओपी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा दल बल के साथ कई स्थानों पर दबिश

देकर बाहर से आने वाले यात्रियों से लेकर अन्य प्रदेश से आये किराये में रह रहे किरायेदारो की जांच पड़ताल की गई. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि दल बल के साथ संदिग्धों की पड़ताल हेतु डोंगरगढ़ के भुरुवाटोला, अछोली आउटर सहित नगर के होटलो और लॉजो में जाँच पड़ताल की गई. पुलिस के द्वारा अन्य शहर से आने वाले संदिग्धों के ऊपर कड़ी नजर रखी जा रही है. सूचना मिलते ही ऐसे संदिग्धों पर शीघ्र कड़ी कार्यवाही की तैयारी पुलिस के द्वारा की जा रही हैं।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024 के लिए 19 दिसंबर को वार्डों का आरक्षण

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। जिले के नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण हेतु विहित प्राधिकारी एवं कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आम सूचना जारी की है। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन- 2024 के लिए छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिला) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत जिले के नगरीय निकाय नगर पंचायत छुईखदान और नगर पंचायत गंडई के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर गुरूवार को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया जाएगा। इसके लिए रेणुका राज्ञे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुईखदान- गंडई को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत छुईखदान और नगर पंचायत गंडई के वार्डों का आरक्षण के लिए शाम 4 बजे समय निर्धारित किया गया है। उक्त आरक्षण की पूरी कार्रवाई के दौरान आम नागरिक उपस्थित रह सकते हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव द्वारा फिट इंडिया साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव द्वारा17 दिसम्बर 2024 मंगलवार को सुबह 9 बजे फिट इंडिया साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक स्कूल से गौरव पथ होते हुए वापस गुरुनानक स्कूल में समाप्त होगी । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सी एल मार्कण्डेय अपर कलेक्टर एवं विशेष अतिथि अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे एवं अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शबनम अंसारी होंगी। साइकिलिंग कार्यक्रम ने सेंटर के खिलाडी स्कूल की छात्र छात्राएं तथा एथलीट्स के साथ-साथ स्थानीय फिटनेस उत्साही और खेल प्रेमी शामिल होंगे। के पी त्रिपाठी केंद्र प्रभारी एसटीसी राजनांदगांव ने। बताया कि केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया 17 दिसम्बर 2024 को नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार पहल को हरी झंडी दिखाएगे । युवा मामले और खेल मंत्रालय भारतीय साइकिलिंग महासंघ (CFI), MY भारत, SAI, क्षेत्रीय केंद्रों राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों

(NCOE) खेलों इंडिया सेंटर (KIC) और जिला प्रशासन के साथ सीधे सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार की पहल 17 दिसम्बर को पुरे भारत में 1000 से अधिक स्थानों पर होगी साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। शुभारंभ के बाद साइकिलिंग कार्यक्रम पुरे देश में हर मंगलवार को जारी रहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किया गया फिट इंडिया अभियान एक बुनियादी कार्यक्रम है जो भारत को खेल महाशक्ति बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

यह अभियान समग्र रूप में स्वास्थ्य पहलू खेल पहलू और देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए श्री अमित माथुर प्रभारी केंद्र प्रभारी एसटीसी राजनांदगांव 8299236395 एवं सुश्री दिव्या धारावत सहायक बास्केटबाल कोच , प्रियंका ई सहायक बास्केटबाल कोच तथा श्री सुखदेव राउत डीईओ 9589777018 मुन्ना जयसवाल मेल वार्डन 7987127213 से सम्पर्क कर सकते है।

विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्व हुआ आयोजन

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। साय सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में 357 ग्रामीणजनों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में ईसीजी, ब्लड प्रेशर के 267, शुगर के 267, ब्लड ग्रुप टेस्ट के 15, सिकल सेल के 22, आरएफटी के 02, एलएफटी के 02, लिपिड प्रोफाइल के 01 और 07 लोगों का

एचआईवी जैसी महत्वपूर्ण जांच सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त 35 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और एक जरूरतमंद व्यक्ति को शिविर में जांच में गंभीर एनीमिया पुष्टि होने के पश्चात तत्काल ब्लड ट्रांस फ्यूजन कर जीवन रक्षा की गई। स्वास्थ्य शिविर का संचालन छुईखदान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बृजेश ताम्रकार एवं नर्सिंग ऑफिसर विनोद पटेल के नेतृत्व में किया गया। राज्य कार्यालय से डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कौशल प्रसाद एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने भी शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डॉ चंद्रकुमार जैन की पुस्तकें साहित्यिक विरासत

हिंदी विभाग में संजोने का किया जा रहा है काम

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के पूर्व सहायक प्राध्यापक एवं नगर के दिवंगत साहित्यकार डॉ चंद्रकुमार जैन के साहित्य को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग में संजोने का काम किया जा रहा है। इस क्रम में स्व. चंद्रकुमार जैन के मौलिक साहित्य सहित उनके निजी पुस्तकालय की लगभग नब्बे हजार रुपए मूल्य की पुस्तकों को हिंदी विभाग में सूचीबद्ध कर संग्रहीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ जैन के परिजनों द्वारा उनके साहित्य को महाविद्यालय में दिया गया था। इस बारे में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने बताया प्राचार्य डॉ किरणलता दामले ने पुस्तकों को हिंदी विभाग में सुरक्षित रखने और उसके सही उपयोग की अनुमति हिंदी विभागाध्यक्ष को दे दी है। डॉ चंद्रकुमार जैन को याद करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने बताया कि डॉ जैन की मौलिक रचना कृतियों सहित उनके निजी पुस्तकालय की 138 पुस्तकों की सूची तैयार कर ली गई है, जिनका मूल्य 85804 रुपए है। प्राचार्य डॉ किरणलता दामले ने कहा कि ये पुस्तकें हमारी साहित्यिक विरासत हैं। इन्हें संजोकर रखना हमारा कर्तव्य है। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बहुत लाभ मिलता रहेगा।

ठंड बढ़ने पर नगर निगम द्वारा शहर के अनेक स्थानों पर अलाव की सुविधा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम द्वारा इस वर्ष भी शीत ऋतु पर नगर के निर्धनों एवं श्रमिक जनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पेण्ड्री मेडिकल कालेज, नया बस स्टैण्ड, महावीर चौक, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अत्यधिक ठंड पडने पर निगम द्वारा शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों एवं चौक चौराहो पर भी अलाव की व्यवस्था की जायेगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अत्यधिक ठंड को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीत लहर से बचाने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है, इसी कडी में इस वर्ष शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पेण्ड्री मेडिकल कालेज, नया बस स्टैण्ड,महावीर चौक, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड बढ़ने को देखते हुये शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे पुराना बस स्टैण्ड, आम्बेडकर चौक, ठा.प्यारेलाल चौक, गुरूद्वारा के पास, चिखली देशमुख होटल के पास, नंदई चौक के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिये अलाव की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते हुये शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाये जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाये रखने के निर्देश प्रभारी को दिये है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, इसलिये रात्रि में अनावश्यक घर से बाहर न निकले, किसी कारणवश बाहर निकलने पर गरम कपड़ा पहने, मफ्लर एवं टोपी लगावे। सर्दी, खासी, बुखार होने तथा ठंडी से अन्य किसी प्रकार की तबियत खराब होने की स्थिति में डॉक्टरी परीक्षण करावे। उन्होंने फ्लाई ओव्हर के नीचे अस्थाई रहवासियों से भी कहा कि ठंड से बचने वे निगम के रैन बसेरा में जाकर रहे।

उदयपुर में श्रीराम मंदिर परिसर में हुआ आहता निर्माण का भूमिपूजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समस्त ग्राम वासियों के मंशानुरूप बनने वाली श्री राम मंदिर के समीप आहता निर्माण एवं ग्राम के अन्य वार्ड में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन जनपद सभापति गुलशन तिवारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ 26 जनवरी को सभापति गुलशन तिवारी ने ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर निर्माण करने का प्रस्ताव रखते हुए अपने मद से प्रस्तावित मंदिर के समीप 2 लाख रुपए का का मंच निर्माण एवं 1 लाख 50 हजार रुपए की लागत से आहता निर्माण का स्वीकृति प्रदान किया मंच का कार्य अंतिम पड़ाव पर है एवं आहता निर्माण का भूमिपूजन किया गया जल्द ही आहता बनकर भी तैयार हो जाएगा। गुलशन तिवारी में कहा कि मंदिर निर्माण करने के लिए मंदिर निर्माण समिति भी बनाने की प्रक्रिया चल रही है समिति के सहयोग से मंदिर निर्माण हेतु दान एकत्रित करने एवं मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी समिति की रहेगी अगले सप्ताह से समिति के सदस्य मंदिर निर्माण के लिए दान एकत्रित करने का कार्य करेगी और जल्द ही मंदिर निर्माण का कार्य भी आरंभ कर दिया जाएगा भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नायडू राम धुर्वे देवेंद्र जंघेल महंगूराम जंघेल महिला ग्राम संगठन प्रमुख ज्योति शर्मा धनमत बाई पाल टेटकू राम साहू दूरदेशी साहू गंगाराम जंघेल भानु राम साहू सुनील साहू गोविंद जंघेल संतोष निषाद उमेन्द्र साहू एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com